17 OCT 1 2026 REWA BLACK.qxd 17-10-2026 09:46 Page 1



भाज

तलाकके बाद... दीप्ती और ...



प्रयागराज, शनिवार १७ अक्तूबर, २०२६ सौर ३१, आश्विन शुक्ल ७, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * मध्य प्रदेश संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

तिरंगा मार्चसे पूर्व दिपके-नेहा बोरा सहित १५० हिरासतमें

ममता-केजरीवाल सहित विपक्षने कहा-यह अघोषित इमरजेंसी

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संयोजक अभिजीत दीपके और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। नेहा को मंडी



हाउस से हिरासत में लिया गया है। अभिजीत दीपके तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क जा रहे थे। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अबतक 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा चुका है।तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए अभिजीत दीपके घर से निकले ही थे कि इससे पहले ही हिरासत में ले लिया गया। दीपके को 6 दिन में दूसरी बार हिरासत में लिया गया है। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दीपके को हिरासत में लिए जाने पर कहा है कि यह अघोषित इमरजेंसी है तो वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवा ने कहा है कि यह तानाशाही है। हिरासत में लिए जाने से पहले ही दिल्ली पुलिस की एक टीम अभिजीत दीपके के पास पहुंच गई थी। दिल्ली पुलिस की टीम ने दीपके को नोटिस थमाया। इस नोटिस में तिरंगा मार्च न करने की बात कही गई है। नोटिस में बताया गया है कि जहां वे तिरंगा मार्च निकालने जा रहे हैं वहां पर धारा 163 लागू है और अगर वे मार्च निकालते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की (शेष पृष्ठ ११ पर)

आदेश अनुचित मिला तो व्यापारियों को होगी नुकसानकी भरपायी-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को व्यापारियों को आश्वासन दिया कि अगर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के विरोध-प्रदर्शन के

कनाट प्लेसका सेन्ट्रल पार्क बन्द करने का मामला

मद्देनजर कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को बंद करने संबंधी एनडीएमसी का आदेश अनुचित या जरूरत से अधिक सख्त पाया गया, तो उन्हें हुए नुकसान की (शेष पृष्ठ ११ पर)

दिल्ली पुलिसकी बर्बरताको अनदेखा नहीं करेंगे-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कारवाई में कई विद्यार्थियों के घायल होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि 'अमित शाह की दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं किया जायेगा' और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ हर कानूनी रास्ता अपनाया जायेगा। गांधी ने इन विद्यार्थियों से हाल ही में हुई मुलाकात का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। इनमें कुछ का संबंध कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने केरल की अथिरा और राजस्थान की रितु समेत कई विद्यार्थियों की पिटाई की, लेकिन इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार किया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस



जिम्मेदार अधिकारियोंके खिलाफ अपनायेंगे कानूनी रास्ता

कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से बात की तथा उनसे संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ अपने यहां मामला दर्ज कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि केरल में पहले ही 'जीरो एफआईआर' दर्ज की जा चुकी है और घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केरल, राजस्थान तथा अदालतों में उपलब्ध सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल किया जायेगा। गांधी ने कहा कि अमित शाह की दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं किया जायेगा। कांग्रेस नेता ने इस घटना की तुलना 1930 के धरासणा सत्याग्रह से भी की और कहा कि उस समय सरोजिनी नायडू के नेतृत्व में निहत्थे सत्याग्रहियों ने पुलिस की लाठियों (शेष पृष्ठ ११ पर)

लोकतंत्रमें जनादेश से निकलता है सत्ताका मार्ग, अराजकतासे नहीं-योगी

भारतका लोकतंत्र जनविश्वासकी जड़ोंपर खड़ा विशाल वटवृक्ष

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस सहित विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हमारी युवाशक्ति भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। उन्होंने एक्स पर बयान देकर कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। उन्होंने एक्स पर बयान दिया कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं के हाथों में राष्ट्र निर्माण की मशाल के स्थान पर अराजकता के औजार थमाना चाहती हैं। चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। हमारी युवाशक्ति भारत का



भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। जनता-जनार्दन ने राजनीति के इन मारीचों-कालनेमियों को पहचानकर ही सत्ता से दूर रखा है। अब ये देश को अराजकता की आग में झोंककर कुर्सी हथियाना चाहते हैं। उनकी इस सियासी साजिश को देश कभी सफल नहीं होने देगा। कांग्रेस समेत विपक्ष भाजपा सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है। इसे लेकर प्रदर्शन जारी है।

यूपी में पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समस्त बाधाओं और आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करने वाली मां कात्यायनी नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आस्था, विकास व विरासत के जरिए राज्य में आये बदलाव से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अब 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों (शेष पृष्ठ ११ पर)

संसद सत्र अनिश्चितकालके लिए स्थगित होने पर खड़गे ने सरकारको घेरा

नया दिल्ला (आसस)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर संसद के मानसून सत्र को लंबे समय तक स्थगित रखने और परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति न बनाने को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। 16 अक्टूबर 2026 को लिखे इस पत्र में खड़गे ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए ह। ावपक्ष क नता न प्रधानमत्रा का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि 13 अगस्त 2026 को संसद का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। आज इस बात को 64 दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों का सत्रावसान नहीं किया गया है। उन्होंने इस स्थिति को अभूतपूर्व और संसदीय परंपराओं के विपरीत बताया है। खड़गे ने पत्र में पूर्व के (शेष पृष्ठ ११ पर)

सऊदी अरबमें भारतीयोंको सतर्क रहने की सलाह

नयी दिल्ली (आससे)। सऊदी अरब में मौजूदा स्थिति को देखते हुए रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि हवाई हमले की स्थिति में लोग घरों के अंदर रहें और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

बुलंदशहर : पेड़से टकरायी कार, पांच मरे

बुलंदशहर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। ये सभी मंदिर दर्शन को जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की मृतकों की पहचान करने में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास में हुआ ाकासगंज जिले के सिढ़पुरा का रहने वाला परिवार वैन कार में बुलंदशहर जिले में नरौरा के पास बेलोन गांव में सर्वमंगला माता (बेलोन माता) के दर्शन के लिए जा रहे थे। जिला मुख्यालय से (शेष पृष्ठ ११ पर)

रोडवेज आउटसोर्स कर्मियों का वेतन बढ़ना तय

लखनऊ (आससे)। रोडवेज के आउटसोर्स कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाने के लिए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रयास पर पत्राचार शुरू हो गया। दीपावली से पहले इस पर निर्णय होने की उम्मीद जगी है। बीती मई में शासन से आउटसोर्स के कुशल कर्मियों को पारिश्रमिक दर 16,868 रुपये और अकुशल को 11,629 रुपये (शेष पृष्ठ ११ पर)

मेरठ सांप कांडके दोषी रविता-अमरदीपको फांसीकी सजा

मेरठ (एजेंसी)। मेरठ के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। मेरठ के चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में दोनों को पहले ही हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अमित की हत्या को सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की गयी थी। शुरुआत में परिवार को भी (शेष पृष्ठ ११ पर)

